दिनांक 17.09.2024 "स्वच्छ एवं सुंदर भिलाई"

स्वच्छता ही सेवा पखवाड़े की शुरुआत आज भेलवा तालाब नेहरू नगर से की गई

भिलाईनगर। नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र में शासन के निर्देशानुसार स्वच्छता ही सेवा अभियान की शुरूवात की गई। भिलाई शहर को स्वच्छ एवं सुन्दर बनाने सब के सहयोग से किया जा रहा है। दुर्ग विधानसभा सांसद विजय बघेल, संभाग आयुक्त एस यन राठौर, दुर्ग कलेक्टर सुश्री ऋृचा प्रकाश चौधरी, महापौर नीरज पाल, सीईओ जिला पंचायत अश्विनी देवांगन, नेता प्रतिपक्ष भोजराज ,जिला भाजपा अध्यक्ष महेश वर्मा स्वास्थ्य विभाग के अध्यक्ष लक्ष्मीपति राजू ,एमआईसी सदस्य चंद्रशेखर गवयी निगम भिलाई आयुक्त अशोक द्विवेदी, दुर्ग निगम आयुक्त लोकेश चंद्राकर जनप्रतिनिधि, गणमान्य नागरिको की उपस्थिति में नेहरू नगर चौंक स्थित भेलवा तालाब में किया गया। नगर निगम भिलाई के नेहरू नगर जोन 01 कार्यालय में सभी ने स्वच्छता ई सेवा शपथ लिया गया। सभी ने संकल्प लिया हम खुद भी श्रमदान करेंगे और दूसरे लोगों को भी कम से कम 100 लोगों से और करने के लिए प्रेरित करेंगे । फिर सब लोगों ने मिलकर तालाब में साफ सफाई कर के श्रमदान किया। सांसद विजय बघेल ने सभी से आग्रह किया की स्वच्छता सतत चलने वाली प्रक्रिया है। हम बचपन से सुनते आ रहे हैं सफाई रखना है हमारी दादी नानी रोज सुबह घर के अंदर बाहर झाड़ू लगाकर गोबर लिप करके साफ—साफ सफाई करते थे। आज भी करते हैं। लेकिन कचरा इधर—उधर फेंक देते हैं। यही भर नहीं करना है । कलेक्टर रिचा प्रकाश ने कहा नागरिक बस इतना करें घर से गिला और कचरा सूखा कचरा अलग करके सफाई मित्रों को दे, यह सबसे बड़ा सहयोग होगा। सब लोगों ने मिलकर स्वच्छता संदेश पर हस्ताक्षर किए। एक विशाल मानव श्रृंखला बनाई गई, जो नेहरू नगर जोन कार्यालय से शुरू होकर केपीएस चौक होते हुए बेलवा तालाब में समापन हुआ। कार्यक्रम में सभी एक ही उद्देश्य था, अपने नगर को स्वच्छ बनाना है। गंदगी दूर भगाना है। कार्यक्रम के दौरान आध्यात्मिक सामाजिक संगठन एक तरफ से उपस्थित प्रमुख संस्थाएं। आर्ट ऑफ लिविंग, भारत विकास परिषद, शपथ फाउंडेशन, स्वच्छता सेवा है संस्थान जो विगत 365 रविवार सेवा कर चुका है, स आर्मी आर्मी वेलफेयर के सदस्य, ऑक्सीजोन के सदस्य, हैप्पी ग्रुप, लाफिंग क्लब, पाषर्दगढ़, जनप्रतिनिधि, जिला प्रशासन, पत्रकारगढ़ स्कूल और कॉलेज के छात्राएं नगर निगम भिलाई के अधिकारी कर्मचारी आदि उपस्थित रहे।